भारत सरकार

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3026

दिनांक 09 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

वन स्टॉप सेंटर

3026. श्री सप्तगिरी शंकर उलाका:
श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगी कि :-

(क) वन स्टॉप सेंटरों (ओएससी) के लिए निधि आबंटन और उपयोग का ब्यौरा क्या है;

(ख) पश्चिम बंगाल सहित देश-भर में संचालित किए जा रहे ओएससी की संख्या कितनी है; और

(ग) पश्चिम बंगाल के पुरुलिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में स्थापित किये जाने हेतु प्रस्तावित ओएससी का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

महिला एवं बाल विकास मंत्री

(श्रीमती अन्नपूर्णा देवी)

(क): वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 **और** 2023-24 **के दौरान योजनावार संशोधित अनुमान (आरई) और व्यय का विवरण निम्नानुसार है:**

(राशि करोड़ में)

<table>
<tr><th rowspan="2">क्रं सं.</th><th rowspan="2">योजना</th><th colspan="2">2021-22</th><th colspan="2">2022-23</th><th colspan="2">2023-24</th></tr>
<tr><th>संशोधित अनुमान</th><th>व्यय</th><th>संशोधित अनुमान</th><th>व्यय</th><th>संशोधित अनुमान</th><th>व्यय</th></tr>
<tr><td>1</td><td>वन स्टॉप सेंटर</td><td rowspan="2">200*</td><td>145.39</td><td rowspan="2">231*</td><td>65.69</td><td rowspan="2">270#</td><td>189.73</td></tr>
<tr><td>2</td><td>महिला हेल्पलाइन</td><td>14.53</td><td>6.16</td><td>76.92</td></tr>
</table>

*** ओएससी और डब्ल्यूएचएल के लिए संयुक्त बजट आवंटन**

 # यह अंतिम अनुमान है जो संशोधित अनुमान आबंटन से अधिक है।

(ख) और (ग) : अब तक सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 816 ओएससी अनुमोदित किए गए हैं, जिनमें से 786 ओएससी पश्चिम बंगाल राज्य सहित देश भर में कार्यशील हैं। मंत्रालय ने 23 जिलों के प्रत्येक जिले में एक ओएससी और दाजलिंग जिले के सिलीगुड़ी में एक अतिरिक्त ओएससी के साथ 24 ओएससी अनुमोदित किए हैं। इन 24 अनुमोदित ओएससी में से आज की तारीख में 22 ओएससी कार्यशील हैं जिनमें से पुरुलिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक ओएससी हतुआरा, पुरुलिया, पश्चिम बंगाल, पिन-723101 में स्थित है।

*****